compass

The Salvation Army's Global Strategic Framework

People • Mission • Legacy

THE SALVATION ARMY INTERNATIONAL HEADQUARTERS

Compass के साथ, हम तीन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके परमेश्वर को सम्मानित करने वाली विरासत छोड़ने के लिए समर्पित हैं:

लोगों को सशक्त बनाना

लोग हमारे मिशन का केंद्रीय बिंदु हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे लोग हमारे मिशन को समझें और वह इसे और अधिक प्रभावी ढंग से पूरा करने में कैसे भाग ले सकते हैं।

मिशन के प्रभाव को बढ़ाना

परमेश्वर ने हमें यह मिशन दिया है – यीशु मसीह के सुसमाचार का प्रचार करना और बिना किसी भेदभाव के उसके नाम में मानवीय जरूरतों को पूरा करना। परमेश्वर के मिशन को जानने और समझने से, हम भरोसा कर सकते हैं कि वह हमारा हर पल बदलते भविष्य में मार्गदर्शन करेगा।

एक स्थायी विरासत की स्थापना करना

जो कुछ भी हमारी देखभाल में सौंपा गया है, उन सभी चीजों के बेहतरीन भण्डारी बनकर हम भविष्य की पीढ़ियों को एक स्वस्थ, समृद्ध मुक्ति फौज सौंपने का प्रयास करेंगे।

12 प्राथमिकताएँ

लोग

1. **आत्मिक जीवन** – यीशु को जानें, यीशु की तरह बनें, वही करें जो यीशु ने किया।
2. **नेतृत्व विकास** – अगुवों को सभी जरूरी उपकरणों से लैस करें ताकि वे अधिक प्रभावशाली ढंग से काम कर सकें।
3. **ऑफिसर की बेहतरी** – ऑफिसरों के मानसिक, शारीरिक और आत्मिक स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देना।
4. **ऑफिसर मुआवजा** – सभी सक्रिय ऑफिसरों को पूर्ण भत्ते प्रदान करना।

मिशन

5. **सदस्यता** – परिभाषित करना कि लोग मुक्ति फौज की संगति से कैसे जुड़ सकते हैं।
6. **वाचा** – 21वीं सदी के नजरिए से सिपाहियों और ऑफिसरों की वाचाओं की समीक्षा करना।
7. **आई.एच.क्यू./टी.एच.क्यू.** – अन्तर्राष्ट्रीय मुख्यालय और टैरिटोरियल मुख्यालय के बीच संबंधों का आकलन करना।
8. **मिशन एकीकरण** – ऐसी रणनीतियाँ अपनाना जो कोर और सामाजिक सेवकाई वितरण को एकीकृत करें।

विरासत

9. **संसाधन आवंटन** – स्थानीय और वैश्विक वित्तीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता।
10. **संस्थान** – संस्थाओं में अपनी सेवाओं को उच्च दर्जे पर पहुँचाना।
11. **वैश्विक भागीदारी** – वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए नए रणनीतिक वित्तपोषित मॉडल स्थापित करना।
12. **टी.एच.क्यू. परिचालन कार्य** – हर टैरिटरी में ऐसी प्रणाली विकसित करना जो हमारे मिशन को बढ़ाने में दक्ष हो।